भारत में रहने वाले फ्रांस के नागरिक

1558. श्री राम जेठमलानी :
श्री राम नरेश यादव :

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि फ्रांस की नागरिकता प्राप्त कतिपय व्यक्ति देश में रह रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो उनकी कुल संख्या कितनी है और उन्हें देश में स्थायी रुप से रहने की अनुमति दिये जाने के क्या कारण हैं; और

(ग) क्या यह भी सच है कि ये नागरिक फ्रांस सरकार से नियमित पेंशन प्राप्त कर रहे हैं ; यदि हां, तो उनके द्वारा प्राप्त की जाने वाली पेंशन की कुल राशि कितनी है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुबोध कान्त सहाय) : (क) जी हां, श्रीमान ।

(ख) और (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जायेगी ।

देश में सड़कों की खस्ता हालत

1559. श्री राम जेठमलानी :
डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :

क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 30 अप्रैल, 1990 'फाइनेंशियल एक्सप्रेस' में "बैडरोड्स कोजिंग क्वीज 6,000 करोड़ लॉस एन्युअली" शीर्षक के अन्तर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार को सड़क मार्गों की खस्ता हालत के कारण हो रही हानि की जानकारी है;

(ग) सरकारी आकलन के अनुसार ऐसी हानियों की अनुमानित राशि कितनी होगी; और

(घ) इस हानि को धीरे-धीरे समाप्त करने के लिए सरकार की क्या योजनायें हैं ?

जल-भूतल परिवहन मंत्री (श्री के. पी० उन्नीकृष्णन) : (क) और (ख) जी, हां।

(ग) आठवीं पंचवर्षीय योजना के लिए सड़कों से संबंधित कार्यदल ने अनुमान लगाया है कि सडकों की खराब स्थिति के कारण अर्थव्यवस्था को प्रतिवर्ष लगभग 6,000 करोड़ रु० की हानि होती है ।

(घ) संसाधनों की उपलब्धता के अध्यधीन, राइडिंग क्वालिटी में सुधार करके, पैदल पथ आदि को चौडा तथा सुदृढ़ करके राजमार्गों की कमियों को धीरे-धीरे दूर किया जा रहा है। छठी योजना में खर्च किए गए 670.40 करोड़ रु० की तुलना में सातवीं योजना में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास कार्यों पर 1482.18 करोड़ रु० खर्च किए गए ।